ENGINEERING SERVICES
Transportation Planning

IMPORTANT INFORMATION
Please have this translated

معلومات مهمة: البحث على الترجمة

重要资讯: 请找人为你翻译

重要資訊: 請找人為你翻譯

اطلاعات مهم: لطفا درخواست کنید
که این اطلاعات را برای شما ترجمه کنند

RENSEIGNEMENTS IMPORTANTS
Prière de les faire traduire

重要な情報: これを翻訳してください

중요정보: 번역해주세요

INFORMAÇÃO IMPORTANTE
Favor solicitar tradução

ਜ਼ਰੂਰੀ ਜਾਣਕਾਰੀ
ਕਿਰਪਾ ਕਰਕੇ ਇਸਦਾ ਅਨੁਵਾਦ ਕਰਵਾਓ

INFORMACIÓN IMPORTANTE
Busque a alguien que le traduzca

MAHALAGANG IMPORMASYON
Mangyaring isalin ito

TIN TỨC QUAN TRỌNG
Xin hãy dịch sang tiếng Việt

11 मई, 2026

विषय: 49th Avenue पर आगामी बस लेन बदलाव

प्रिय निवासी या बिज़नेस के मालिक,

हम आपको 49th Ave पर बस लेन में होने वाले नियोजित बदलावों की जानकारी देने तथा पार्किंग और लोडिंग पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के संबंध में आपकी राय माँगने के लिए लिख रहे हैं।

सड़क की रीपेविंग (दोबारा सतह बनाने) के साथ समन्वय में वैंकूवर सिटी की योजना है कि 49th Ave पर Fraser St और Boundary Rd के बीच पतझड़ 2026 से बसंत 2027 तक बस लेनें जोड़ी जाएँ।
इन सुधारों से:

- बसों को ट्रैफ़िक में सुचारु रूप से चलने और समय पर रहने में मदद मिलेगी।
- व्यवसायों तक पहुँच बनाए रखते हुए सप्ताह के कामकाजी दिनों को 35,000 से अधिक बस यात्राओं के लिए यात्रा समय और विश्वसनीयता में सुधार होगा।
- 49th Ave और आठ अन्य कॉरिडोर पर सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने के सिटी काउंसिल के निर्देश को समर्थन मिलेगा, ताकि बस यात्रा समय और विश्वसनीयता में 10% सुधार प्राप्त किया जा सके।

City of Vancouver, Engineering Services
Transportation Division, Transportation Design
507 W Broadway, Vancouver, British Columbia V5Z 0B4 Canada
Tel: 3-1-1
vancouver.ca

<u>क्या बदल रहा है</u>

49th Ave पर बस लेन (Fraser St से Boundary Rd)

49th Ave पर, Fraser St और Boundary Road के बीच, दोनों दिशाओं में सड़क के किनारे की लेनों (कर्ब लेनों) को बस लेन बनाने की योजना है (पृष्ठ 4 पर नक्शा देखें)।

- Fraser St और Tyne St के बीच, बस लेनों के सोमवार से शनिवार सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक प्रभावी करने की योजना है।
- Tyne St और Boundary Rd के बीच, बस लेनों के सप्ताह में 7 दिन सुबह 7 से शाम 7 बजे तक प्रभावी रहने की योजना है।

बस लेन के समय के दौरान और चौराहों के पास सड़क के किनारे पार्किंग प्रतिबंधित होगी। अधिक यात्रियों वाले वाहनों (HOVs) को बस लेन में चलने की अनुमति नहीं होगी। चौराहे या ड्राइववे के करीब पहुँचने पर वाहन दाएं मुड़ने के लिए बस लेन में प्रवेश कर सकते हैं।

49th Ave पर बस लेन (Cambie St से Fraser St)

पतझड़ से शुरू करते हुए Cambie Street और Fraser Street के बीच 49th Avenue के दोनों किनारों पर बस लेन जोड़ी जाएंगी, जिन्हें सड़क मार्ग की बहाली के साथ समन्वित किया जाएगा। बस लेन सोमवार से शनिवार सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेंगी, और इन घंटों के दौरान पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

<u>अपनी राय दें – अपनी लोडिंग और पार्किंग आवश्यकताओं के बारे में हमें बताएँ</u>

हम समझते हैं कि सड़क के किनारे की जगह में बदलाव से पिक-अप, डिलिवरी और पार्किंग प्रभावित हो सकती है। इन प्रभावों को कम करने में मदद के लिए, हम पास की साइड स्ट्रीट्स पर अतिरिक्त लोडिंग ज़ोन और पर्मिट पार्किंग की पड़ताल कर रहे हैं। आपकी राय लोडिंग आवश्यकताओं को बेहतर समझने और लोडिंग ज़ोन और साइड-स्ट्रीट पार्किंग में बदलावों पर विचार करने में हमारी मदद करेगी।

अपनी लोडिंग और पार्किंग आवश्यकताओं या किसी भी अतिरिक्त प्रतिक्रिया को साझा करने के लिए हमारा **ऑनलाइन सर्वेक्षण** पूरा करें, जो **11 मई से 1 जून तक उपलब्ध है:** vancouver.ca/49Ave-Transit या नीचे **QR कोड** को स्कैन करें:

<u>अधिक जानकारी</u>

49th Ave बस लेनों के बारे में प्रश्नों या अधिक जानकारी के लिए:

- Vancouver.ca/49ave-transit पर जाएँ
- 49avebuspriority@vancouver.ca पर ईमेल करें
- सिटी के Van311 ऐप का उपयोग करें, दिन के 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन
- 3-1-1 पर कॉल करें

इस वर्ष की शुरुआत में, TransLink ने 49th Ave पर बस स्टॉप परिवर्तन पर सार्वजनिक जुड़ाव आयोजित किया था। बस स्टॉप परिवर्तन 8 जून से प्रभावी होंगे। Route 49 के बस स्टॉप्स में बदलावों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया TransLink से संपर्क करें:

- परियोजना विवरण के लिए translink.ca/route49 पर जाएँ
- बस स्टॉप और समय-सारिणी से संबंधित अपडेट के लिए translink.ca/schedules पर जाएँ।
- ग्राहक सेवा को 604-953-3333 पर कॉल करें, सुबह 6:30 बजे से रात 10:00 बजे तक, सप्ताह के 7 दिन।

सादर,

वैंकूवर सिटी बस प्राथमिकता टीम
507 W Broadway, Vancouver, British Columbia V5Z 0B4 Canada

49th Ave पर Fraser St से Boundary Rd तक बस लेन में परिवर्तन

प्रस्तावति बस लेन

सुबह 7 से शाम 7 बजे, सोम – शनि

- 49th Ave पर Fraser St और Tyne St के बीच नई बस लेनें जोड़ना।
- क्षेत्र में मौजूदा बस लेन को **सोमवार से शनविार सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक** बढ़ाना।
- बस लेन के समय के दौरान **पार्कगि प्रतबिंधति**।
- अन्य अधकि ऑक्यूपेंसी वाले वाहनों (HOVs) को बस लेन में चलने की **अनुमत निहीं**।

सुबह 7 से शाम 7 बजे, 7 दनि/सप्ताह

- 49th Ave पर Tyne St और Boundary Rd के बीच नई बस लेनें जोड़ना।
- क्षेत्र में मौजूदा बस लेन को **सप्ताह में 7 दनि सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक** बढ़ाना।
- बस लेन के समय के दौरान **पार्कगि प्रतबिंधति**।
- अन्य अधकि ऑक्यूपेंसी वाले वाहनों (HOVs) को बस लेन में चलने की **अनुमत निहीं**।